

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

9 September 2022

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक I[st] ग्रेड | REET I, II Level



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 9 सितंबर का इतिहास

- **1915 :** प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी जतिन्द्रनाथ सान्याल और अंग्रेजों के बीच उड़ीसा के काप्टेवाड़ा में संघर्ष किया।
- **1924 :** भारत में कोहाट दंगे हुए।
- **1945 :** प्रथम कंप्यूटर बग की खोज हुई।
- **1940 :** जॉर्ज स्टिबिट्ज ने कम्प्यूटर का पहला रिमोट ऑपरेशन शुरू किया।
- **1949:** भारत की संविधान सभा में हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।

## 9 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत का पहला नाइट स्काई सैंक्चुअरी लद्दाख में स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि हनले नाइट स्काई सैंक्युअरी परियोजना के लिए लद्दाख सबसे उपयुक्त है, क्योंकि यह ठंडा रेगिस्तारी क्षेत्र है। अगले तीन महीने के भीतर यहां खास अभयारण्य स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ऑप्टिकल, इन्फ्रा-रेड ओर गामा रे टेलीस्कोप के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे स्थान पर स्थापित होने वाला नाइट स्काई सैंक्चुअरी होगा। लद्दाख चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य के एक हिस्से को भारत के पहले नाइट स्काई अभयारण्य रूप में स्थापित किया जाएगा।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने कैप्टन बिनेश कुमार त्यागी को शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के नए अध्यक्ष और प्रबंध निदेश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक कार्यालय आदेश के अनुसार नियुक्ति पद के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से या उनकी सेवानिृति की तारीख तक, या अगले आदेश तक जो भी पहले हो तक के लिए है।
- हैदराबाद राज्य की आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर केंद्र केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह 17 सितंबर को समारोह का उद्घघाटन करेंगे। भारत सरकार ने इस उपलक्ष्य में 17 सितंबर 2022 से 17 सितंबर 2023 तक साल भर चलने वाले कार्यक्रमों के आयोजन को मंजूरी दी है। 1948 में इसी दिन निजाम के शासन वाले तत्कालीन हैदराबाद राज्य का भारत संघ में विलय हो गया था।
- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबाम ने नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री अवर ग्रेट नेशनल पार्क्स में आवाज देने हेतु सर्वश्रेष्ठ नैरेटर का एमी पुरस्कार जीता है।
- राज्यसभा के सभापति ओर लोकसभा अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि उत्पल कुमार सिंह, जो वर्तमान में लोकसभा महासचिव का पद संभाल रहे हैं, सीईओ संसद टीवी के कार्यो का भी निर्वहन करेंगे। रवि कपूर को संसद टीवी के मुख्य कार्यकारी अधिकार के रूप में उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है।
- 36वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर और गान अहमदाबाद के ट्रांस स्टेडियम में अमित शाह द्वारा लान्च किया गया। शुभंकर का नाम सवज है, जिसका गुजराती में अर्थ 'शावक' होता है। यह गान एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर आधारित हैं। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर में किया जाएगा। 2014 में खेलों के लिए 866 करोड़ का बजट आवंटित किया गया था, जिसे इस साल बढ़ाकर दो हजार करोड़ कर दिया गया है।
- राजस्थान मंत्रिमंडल ने राजस्थान हस्तशिल्प नीति 2022 को मंजूरी दी। सरकारी विभागों और एजेंसियों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए राजस्थान सरकार की कैबिनेट ने राजस्थान सामाजिक और प्रदर्शन लेखा परीक्षा प्राधिकरण के गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, अर्थशास्त्री, प्रोफेसर, सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और अन्य विशेषज्ञ इस प्राधिकरण के सदस्य होंगे। प्राधिकरण योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू करने में सरकारी विभागों और एजेंसियों के प्रदर्शन का आकलन करेगा।
- केंद्रीय मंत्री डॉ.मनसुख मंडाविया ने आभासी रूप से स्वस्थ सबल भारत सम्मेलन का उद्घघाटन किया। सम्मेलन का प्राथमिक लक्ष्य भारत में अंग शरीर और नेत्रदान की स्थिति पर चर्चा करना और समस्याओं के समाधान की पहचान करना है।
- मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने ग्रामीण पिछवाड़े सुअर पालन योजना शुरू की है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान विभिन्न पशुधन खेती गतिविधियों के माध्यम से एक स्थायी आजीविका अर्जित करें।
- सरकार ने महिला कर्मचारियों के लिए विशेष मातृत्व अवकाश की घोषणा की। जन्म के तुरंत बाद मौत या मृत बच्चे के जन्म की स्थिति में केंद्र सरकार की महिला कर्मचारी अब 60 दिन के विशेष मातृत्व अवकाश का उपयोग कर सकती है। यह कार्यक्रम महिलाओं को कार्यबल में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और एक माँ की मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक भलाई की रक्षा करेगा।
- टाटा संस के पूर्व चेयरमैन सायरस मिस्त्री की मुंबई के पास सड़क हादसे में मौत हो गई है। ये हादसा मुंबई के पास पालघर में हुआ।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में केंद्र सरकार हैदराबाद स्वतंत्रता दिवस के 75 साल पूरे होने पर साल भर स्मरणोत्सव कब से कब तक आयोजित करेगी ?**

(A) 17 सितंबर 2022 से 17 सितंबर 2023
(B) 2 अक्टूबर 2022 से 2 अक्टूबर 2023
(C) 28 सितंबर 2022 से 2 अक्टूबर 2023
(D) 5 अक्टूबर 2022 से 5 अक्टूबर 2023

**(A)** सरकार ने 17 सितंबर 2022 से 17 सितंबर 2023 तक हैदराबाद राज्य की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने का फैसला किया है। समारोह का उद्घाटन गृह मंत्री अमित शाह 17 सितंबर को करेंगे। ऑपरेशन पोलो के बाद 17 सितंबर 1948 को हैदराबाद राज्य को निजाम के शासन से मुक्ति मिली थी। उत्सव का मुख्य उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी को हैदराबाद राज्य की स्वतंत्रता के बारे में जागरूक करना है।




**2. संयुक्त राज्य अमेरिका पहले यूएस-प्रशांत द्वीप देश शिखर सम्मेलन की मेजबानी वाशिंगटन डीसी में कब करेगा ?**

(A) 15-16 सितंबर, 2022 (B) 20-21 सितंबर, 2022
(C) 28-29 सितंबर, 2022 (D) 1-2 अक्टूबर, 2022

**(C)** संयुक्त राज्य अमेरिका पहले यूएस-प्रशांत द्वीप देश शिखर सम्मेलन की मेजबानी 28-29 सितंबर को वाशिंगटन डीसी में करेगा। सोलोमन द्वीप सहित 12 प्रशांत द्वीप देश शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन जलवायु परिवर्तन, महामारी प्रतिक्रिया, आर्थिक सुधार, समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण आदि जैसे प्रमुख मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने में मदद करेगा।



**3. राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ कब से किया से किया जाएगा ?**

(A) 9 सितंबर (B) 10 सितंबर
(C) 11 सितंबर (D) 12 सितंबर

**(A)** राष्ट्रपति द्वारा 9 सितंबर को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। वर्चुअल इवेंट में राज्य और जिला स्वास्थ्य प्रशासन, कॉरपोरेशन, सिबिल सोसाइटी, NGO आदि के प्रतिनिधि शामिल होंगे। लॉन्च इवेंट का उद्देश्य 2025 तक देश से टीबी को खत्म करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए लोगों को एक जन आंदोलन में शामिल करना है।




**4. इंडसइंड बैंक ने आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण के लिए किस बैंक के साथ समझौता किया?**

(A) एशियाई विकास बैंक (B) देना बैंक
(C) एयु स्मॉल फाइनेंस बैंक (D) भारतीय रिजर्व बैंक

**(A)** इंडसइंड बैंक ने आपूर्ति श्रृंखला के वित्तपोषण के लिए 560 करोड़ रूपये के शुरूआती खर्च के साथ आंशिक गारंटी कार्यक्रम के लिए एशियाई विकास बैंक के साथ समझौता किया है। यह समझौता विशेषतौर पर भारत में आपूर्ति श्रृंखला के वित्तपोषण समाधानों को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।




**5. हाल ही में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने भारतीय महिला एथलीटों, विशेष रूप से युवा एथलीटों का समर्थन करने के लिए किसके साथ समझौता किया ?**

(A) अंबानी स्पोर्ट्स (B) एचएसबीसी इंडिया
(C) NIKE (D) अडानी स्पोर्ट्स

**(B)** हाल ही में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने भारतीय महिला एथलीटों, विशेष रूप से युवा एथलीटों का समर्थन करने के लिए एचएसबीसी के साथ समझौता किया है। सहयोग की शर्तो के तहत प्रतिभाशाली लड़कियों को अंडर-14 और अंडर-16 राष्ट्रीय अंतर जिला चैंपियनशिप से चुना जाएगा और दुनिया भर में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।



**6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी रूप से विकसित 'INS विक्रांत' भारतीय नौसेना को सौंपा है, यह क्या है ?**

(A) पनडुब्बी (B) मिसाइल

(C) विमानवाहक पोत (D) हेलीकॉप्टर

**(C)** भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत INS विक्रांत को कोच्चि शिपयार्ड लिमिटेड ने 20000 करोड़ रूपये की लागत से बनाया है। INS विक्रांत केरल में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। INS विक्रांत की अधिकतम रफ्तार 51 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह एक बार में 13890 किलोमीटर की यात्रा कर सकता है।




**7. भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट ने व्हेल शार्क बचाव अभियान को किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में शुरू किया है ?**

(A) कर्नाटक (B) केरल

(C) लक्षद्वीप (D) उपरोक्त सभी

**(D)** भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट ने व्हेल शार्क बचाव अभियान को कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य मछली पकड़ने के जाल में व्हेल शार्क के फसने एवं इससे होने वाली मौतों की घटना में कमी लाना और मछुआरों को व्हेल शार्क के बचाव हेतु जागरूक करना है।



**8. भारत के पहले तरल प्राकृतिक गैस से चलने वाले ग्रीन ट्रक को किस कंपनी ने लॉन्च किया है ?**

(A) टाटा मोटर्स (मुंबई) (B) ब्लू एनर्जी मोटर्स (महाराष्ट्र)

(C) GODI इंडिया (हैदराबाद) (D) हीरो मोटर्स (नई दिल्ली)

**(D)** ब्लू एनर्जी मोटर्स ने भारत के पहले तरल प्राकृतिक गैस से चलने वाले ग्रीन ट्रक को पुणे के चाकन संयंत्र में लॉन्च किया है। इसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया है। इस संयंत्र में सबसे पहला LNG ईंधन से चलने वाला मॉडल 5528 4x2 ट्रैक्टर होगा।



**9. उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार के लिए किस राज्य सरकार ने 'समर्थ' नामक ई-गवर्नेंस पोर्टल लॉन्च किया है ?**

(A) मिजोरम (B) हरियाणा

(C) उत्तराखंड (D) गोवा

**(C)** उत्तराखंड शिक्षा विभाग ने समर्थ नामक एक ई-गवर्नेंस पोर्टल लॉन्च किया है। इसके तहत शिक्षक एक-दूसरे संस्थानों में जाकर छात्रों को पढ़ा सकेंगे। इसके साथ प्रवेश परीक्षा, वेतन संरचना, पांच राज्य विश्वविद्यालयों और 140 पब्लिक स्कूलों से नियुक्तियों के बारे में जानकारी सहित सभी प्रशासनिक और शैक्षिक अपडेट प्रदान करेगा।



**10. हाल ही में ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार कौनसा देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है ?**

(A) भारत (B) बांग्लादेश

(C) अमेरिका (D) रूस

**(A)** ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत 2021 के अंतिम तीन महीनों में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा संकलित सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों पर आधारित है। भारत सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। 2022-23 में भारत की अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

